IBPS SO राजभाषा अधिकारी प्रैक्टिस सेट

Directions (1-5): **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। गद्यांश के अनुसार, दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

फिल्में एक ऐसे कला माध्यम के रूप में हमारे सामने उपस्थित है, जिसमें अनेक कलाओं का पड़ाव दिखाई देता है। भाषाई और रूपकर कलाएँ तो फिल्मों में हमेशा ही अपना दखल रखती आयी हैं, परंतु साहित्यिक कृतियों के सिनेमाई रूपांतरण, सिनेमा में बोलियों और आंचलिकता की अनुगूँज, गीतों का निर्माण एवं प्रसार, भाषा–भाषी समाज की कलात्मक अभिरूचि एवं कला मानकों का विकास, सांस्कृतिक रंगो, ध्वनियों की उद्भावना और संदेश संप्रेषण तथा शिक्षण प्रक्रिया के द्वारा भाषा, साहित्य और संस्कृति का गठन फिल्मों का महत्वपूर्ण अवदान माना जा सकता है। हिन्दी फिल्में भी अपनी इस भूमिका में पीछे नहीं है।

हिन्दी भाषा (दुनिया की तीसरी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा ही नहीं, अपितु हिन्दी जाति; जो मूलत: भारत के उत्तरी क्षेत्रों में निवास करती है) जीवन सरोकारों, स्पंदन, भावात्मक संचार, आर्थिक स्थिति एवं वैचारिक बनावट को दर्शाती है। बॉलीवुड, जहाँ हिंदी फिल्मों का औद्योगिक निर्माण होता है, हिंदी फिल्में क्षेत्रीय सीमाओं, भौगोलिकों बाध्यताओं एवं भाषाई घेरेबंदी को चटखा देती हैं। हिंदी फिल्मों के निर्माण व वितरण में हिंदीतर भाषा–भाषी लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। फिल्म निर्माण एक सामूहिक कार्य है इसलिए हिंदी फिल्में भारत और कई बार भारत के बाहर से भी मानव संसाधनों का उपयोग करती हैं। इसके चलते हिंदी फिल्मों की कुशलता, प्रभावोत्पादकता काफी बढ़ जाती है। अभिप्राय यह कि हिंदी फिल्म संसार भारतीय विविधता में एकता के सूत्र विकसित करता है। विभिन्न भाषाई भौगोलिक समूहों को इकट्ठा करके उनमें आपसी समन्वय स्थापित करता है। इस प्रकार हिंदी फिल्में अन्य क्षेत्रीय भाषाओं बंगला, तमिल, कन्नड़ आदि की तुलना में अधिक विस्तृत लक्ष्य को प्रस्तावित करती हैं। जहाँ हम बाकियों को क्षेत्रीय सिनेमा कह सकते हैं वहीं अपनी निर्माण प्रक्रिया और उद्यमी चरित्र के चलते तथा समस्त भारतीय प्रतिनिध्त्वि (अभिनय, संगीत, तकनीक, संपादन, वितरण) के समाहार होने के कारण हिंदी फिल्मों को राष्ट्रीय; न कि केवल उत्तर भारतीय सिनेमा कहना पड़ेगा। हिंदी फिल्मों को राष्ट्रीय सिनेमा कहना सर्वथा समीचीन भी है क्योंकि इन फिल्मों के दर्शक भारतीय भूखंड के हर हिस्से में मौजूद हैं। वे लोग भी जिन्हें न तो ठीक से हिंदी लिखनी, पढ़नी, बोलनी आती है वे भी हिंदी फिल्में देखते हैं और उसका संदेश ग्रहण करने में सक्षम होते हैं। साथ ही, हिंदी फिल्में राष्ट्रीय विमर्श के मुद्दों को लगातार गंभीरता और सहजता से उठाती है। भारत की राष्ट्रीय संस्कृति, सामाजिक परिवर्तन राजनीतिक घटनाचक्र का बैरोमीटर बनकर हिंदी फिल्में भारतीय राष्ट्र की मुख्य चिंताधारा का उद्घाटन करती

हैं। अपने इन्हीं गुणों के चलते हिंदी फिल्में सच्चे अर्थों में भारत के राष्ट्रीय सिनेमा से अभिहित किया जाता रहा है। फिर भी, अपनी भाषाई बनावट के चलते हिंदी फिल्में हिंदी भाषी समूहों में सर्वाधिक लोकप्रिय हैं।

Q1. फ़िल्में कैसी कला के माध्यम के रूप में हमारे सामने उपस्थित है?

(a) कला की विविधता

(b) साहित्यिक एवं कलात्मक अभिरुचि

(c) भाषा, अंचल एवं संगीत का मिश्रण

(d) कला मानकों का विकास

(e) इनमें से सभी

Q2. फिल्मों का महत्त्वपूर्ण अवदान किसे माना जा सकता है?

(a) सन्देश और संप्रेषण

(b) शिक्षण प्रक्रिया

(c) भाषा, साहित्य और संस्कृति का गठन

(d) a और c दोनों

(e) इनमें से कोई नहीं

Q3. फिल्मों में हिंदी भाषा की भूमिका को किस प्रकार आँका जा सकता है?

(a) हिंदी संपर्क भाषा है, जो फिल्मों को अधिक प्रेषणीय बनाती है।

(b) हिंदी भाषा फिल्मों को कुशल और प्रभावोत्पादक बनाती है।

(c) हिंदी भाषा क्षेत्रीय सीमाओं, भौगोलिक बाध्याताओं और भाषाई घेराबंदी को तोड़ती है।

(d) a और c दोनों

(e) या तो b और c या फिर a और b

Q4. हिंदी फ़िल्में क्षेत्रीय फिल्मों की श्रेणी से किस प्रकार बाहर है?

(a) हिंदी फिल्मों के निर्माण व वितरण में हिंदीतर भाषा–भाषी लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

(b) हिंदी, भाषाई भौगोलिक समूहों को इकट्ठा करके उनमें आपसी समन्वय स्थापित करती है। इन फिल्मों के दर्शक भारतीय भूखंड के हर हिस्से में मौजूद हैं।

(c) अपनी निर्माण प्रक्रिया और उद्यमी चरित्र के कारण

(d) केवल b और c

(e) इनमें से सभी

Q5. हिंदी फ़िल्में हिंदी भाषी समूहों में सर्वाधिक लोकप्रिय क्यों है?

(a) हिंदी फिल्म संसार भारतीय विविधता में एकता के सूत्र विकसित करता है।

(b) हिंदी फिल्में भारतीय राष्ट्र की मुख्य चिंताधरा का उद्घाटन करती हैं।

(c) अपनी भाषाई बनावट के कारण

(d) a और b दोनों

(e) इनमें से सभी

निर्देश (06-10) नीचे दिया गया प्रत्येक वाक्य चार भागों में बांटा गया है जिन्हें (a), (b), (c), (d) विकल्प दिए गए हैं। आपको यह देखना है कि वाक्य के किसी भाग में व्याकरण, भाषा, वर्तनी, शब्दों के गलत प्रयोग या इसी तरह की कोई त्रुटी तो नहीं है। त्रुटी अगर होगी तो वाक्य के किसी एक भाग में ही होगी। उस भाग का क्रमांक ही उत्तर है। यदि वाक्य त्रुटी रहित है तो उत्तर (e) अर्थात 'त्रुटीरहित' दीजिए।

Q6. जो लोग गिरगिट जैसा रंग परिवर्तित करते हैं (a)/ आप चाहते हैं कि मैं उन पर (b)/ भरोसा करके (c)/ धोखा खाऊँ (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

Q7. यदि हमें धरती पर अपना अस्तित्व (a)/ बनाए रखना है, (b)/ तो पर्यावरण से मित्रता रखनी होगी (c)/ यह असंग्दिग्धपूर्ण सत्य है। (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

Q8. इस मुहल्ले का सबसे ऊँचा दिखाई (a)/ देने वाला यह घर (b)/ मैं और मेरे भाइयों की (c)/ साँझी संपत्ति है। (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

Q9. आपकी अधिकांश बातें ठीक हैं, (a)/ परन्तु सब लोग (b)/ उन्हें यथावत् (c)/ स्वीकार कर लेंगें, इसमें सन्देह है। (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

Q10. स्वतंत्रता-संग्राम में प्राण गवाँने वाले (a)/ वीरों के सम्मान में सरकार ने (b)/ एक दिन के सार्वजानिक (c)/ अवकाश की घोषणा की है। (d)/ कोई त्रुटी नहीं (e)

निर्देश(11-15) नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में दो **रिक्त स्थान** छूटे हुए हैं और उसके पांच विकल्प सुझाए गए हैं। इनमें से कोई दो उन रिक्त स्थानों पर रख देने से वह वाक्य एक अर्थपूर्ण वाक्य बन जाता है। सही शब्द ज्ञात कर उसके विकल्प को उत्तर के रूप में अंकित कीजिए, दिए गए शब्दों में से सर्वाधिक उपयुक्त शब्दों का चयन कीजिए।

Q11. राष्ट्रीय या जातीय संस्कृति का सबसे बड़ा _____ यही है कि वह हमें अपने राष्ट्र की परम्परा से संपृक्त बनाती है, अपनी रीति-नीति की _____ से विच्छिन्न नहीं होने देती।

(a) सहयोग, आपदा

(b) महत्व, विशेषता

(c) कार्य, शक्ति

(d) इनमें से कोई नहीं

(e) योगदान, संपदा

Q12. साक्षात्कार की सफलता बहुत कुछ इस बात पर निर्भर करती है की आपकी _____ की क्षमता कैसी है, यदि आप अपनी बात स्पष्ट रूप से _____ तरीके से रख पा रहे हैं, तो निश्चित रूप से उसका बहुत अच्छा प्रभाव पड़ता है।

(a) शिक्षा, सामान्य

(b) सोचने, विवेकपूर्ण

(c) अभिव्यक्ति, प्रभावशाली

(d) बुद्धि, शांत

(e) इनमें से कोई नहीं

Q13. प्रौद्योगिकी में हम उन _____ विधियों का उल्लेख करते हैं जिनसे विज्ञान को मानव सेवा के लिए _____ किया जा सके।

(a) सूक्ष्म, संयुक्त

(b) सहज, संयोजित

(c) अनगिनत, प्रयुक्त

(d) प्राचीन, प्रस्तुत

(e) इनमें से कोई नहीं

Q14. भारतीय _____ ने कला, धर्म, दर्शन और साहित्य के क्षेत्र में नाना भाव से महत्वपूर्ण फल पाए हैं और भविष्य में भी महत्वपूर्ण फल पाने की _____ का परिचय वह दे चुकी है।

(a) प्रकृति, सहजता

(b) आध्यात्म, उत्कंठा

(c) इतिहास, अभिलाषा

(d) मनीषा, योग्यता

(e) इनमें से कोई नहीं

Q15. भारतीय धर्म और दर्शन के साथ भारतीय कला का ऐसा _____ संबंध है कि भारतीय मानस को संचालित करने वाले आदर्शों की _____ के बिना उसका पूर्ण आस्वादन करना कठिन है।

(a) घनिष्ठ, जानकारी

(b) सामान्य, जिज्ञासा

(c) पारदर्शी, अवहेलना

(d) संकुचित, भावना

(e) इनमें से कोई नहीं

Directions (16-20): **नीचे दिए गए प्रत्येक परिच्छेद में कुछ रिक्त स्थान छोड़ दिए गए हैं तथा उन्हें प्रश्न संख्या से दर्शाया गया है। ये संख्याएँ परिच्छेद के नीचे मुद्रित हैं, और प्रत्येक के सामने (a), (b), (c), (d) और (e) विकल्प दिए गए हैं। इन पाँचों में से कोई एक इस रिक्त स्थान को पूरे परिच्छेद के संदर्भ में उपयुक्त ढंग से पूरा कर देता है। आपको उस विकल्प का चयन करना है और उसका क्रमांक ही उत्तर के रूप में दर्शाना है। आपको दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त का चयन करना है।**

Q16. भगत सिंह ने कहा था- हमारी लड़ाई, हमारी कमजोरियों के ....16.... है। हम ऐसे उज्जवल भविष्य में विश्वास करते हैं जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को पूर्ण शांति और स्वतंत्रता का ...17... मिल सके। क्रांति की तलवार विचारों की शान पर तेज होती है और विद्रोह तो सिर्फ मालिकों के परिवर्तन द्वारा कुटिलताओं को ही आगे बढ़ाते हैं। लोगों को परस्पर लड़ने से रोकने के लिए ...18 ... की जरूरत है। क्रांति एक ऐसा करिश्मा है, जिससे प्रकृति भी स्नेह करती है, क्रांति बिना सोची-समझी हत्याओं और आगजनी की दरिन्दगी भरी मुहिम नहीं है और न ही क्रांति मायूसी से पैदा हुआ दर्शन ही है। वास्तव में भगत सिंह के विचारों को जीवन में ...19... कर क्रियान्वित किए बिना क्रांति संभव नहीं। वैचारिक क्रांति/आंदोलन को धार देने के साथ-साथ उस हेतु समयबद्ध ...20... व दूरदर्शी योजना बनानी होगी तभी हम सफल हो सकते हैं और अपने अधिकारों को पा सकते हैं। दूसरे के कंधों पर बंदूक रखकर चलाने के बजाय हमें स्वयं को प्रशिक्षित करना चाहिए।

(a) साथ (b) खिलाफ (c) अधीन

(d) समक्ष (e) इनमें से कोई नहीं

Q17. भगत सिंह ने कहा था- हमारी लड़ाई, हमारी कमजोरियों के ....16.... है। हम ऐसे उज्जवल भविष्य में विश्वास करते हैं जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को पूर्ण शांति और स्वतंत्रता का ...17... मिल सके। क्रांति की तलवार विचारों की शान पर तेज होती है और विद्रोह तो सिर्फ मालिकों के परिवर्तन द्वारा कुटिलताओं को ही आगे बढ़ाते हैं। लोगों को परस्पर लड़ने से रोकने के लिए ...18 ... की जरूरत है। क्रांति एक ऐसा करिश्मा है, जिससे प्रकृति भी स्नेह करती है, क्रांति बिना सोची-समझी हत्याओं और आगजनी की दरिन्दगी भरी मुहिम नहीं है और न ही क्रांति मायूसी से पैदा हुआ दर्शन ही है। वास्तव में भगत सिंह के विचारों को जीवन में ...19... कर क्रियान्वित किए बिना क्रांति संभव नहीं। वैचारिक क्रांति/आंदोलन को धार देने के साथ-साथ उस हेतु समयबद्ध ...20... व दूरदर्शी योजना बनानी होगी तभी हम सफल हो सकते हैं और अपने अधिकारों को पा सकते हैं। दूसरे के कंधों पर बंदूक रखकर चलाने के बजाय हमें स्वयं को प्रशिक्षित करना चाहिए।

(a) अवसर (b) वरदान (c) स्वामित्व

(d) वातावरण (e) इनमें से कोई नहीं

Q18. भगत सिंह ने कहा था- हमारी लड़ाई, हमारी कमजोरियों के ....16.... है। हम ऐसे उज्जवल भविष्य में विश्वास करते हैं जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को पूर्ण शांति और स्वतंत्रता का ...17... मिल सके। क्रांति की तलवार विचारों की शान पर तेज होती है और विद्रोह तो सिर्फ मालिकों के परिवर्तन द्वारा कुटिलताओं को ही आगे बढ़ाते हैं। लोगों को परस्पर लड़ने से रोकने के लिए ...18 ... की जरूरत है। क्रांति एक ऐसा करिश्मा है, जिससे प्रकृति भी स्नेह करती है, क्रांति बिना सोची-समझी हत्याओं और आगजनी की दरिन्दगी भरी मुहिम नहीं है और न ही क्रांति मायूसी से पैदा हुआ दर्शन ही है। वास्तव में भगत सिंह के विचारों को जीवन में ...19... कर क्रियान्वित किए बिना क्रांति संभव नहीं। वैचारिक क्रांति/आंदोलन को धार देने के साथ-साथ उस हेतु समयबद्ध

...20... व दूरदर्शी योजना बनानी होगी तभी हम सफल हो सकते हैं और अपने अधिकारों को पा सकते हैं। दूसरे के कंधों पर बंदूक रखकर चलाने के बजाय हमें स्वयं को प्रशिक्षित करना चाहिए।

(a) प्रेम (b) एकता (c) वर्ग चेतना

(d) सद्भावना (e) इनमें से कोई नहीं

Q19. भगत सिंह ने कहा था- हमारी लड़ाई, हमारी कमजोरियों के ....16.... है। हम ऐसे उज्जवल भविष्य में विश्वास करते हैं जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को पूर्ण शांति और स्वतंत्रता का ...17... मिल सके। क्रांति की तलवार विचारों की शान पर तेज होती है और विद्रोह तो सिर्फ मालिकों के परिवर्तन द्वारा कुटिलताओं को ही आगे बढ़ाते हैं। लोगों को परस्पर लड़ने से रोकने के लिए ...18 ... की जरूरत है। क्रांति एक ऐसा करिश्मा है, जिससे प्रकृति भी स्नेह करती है, क्रांति बिना सोची-समझी हत्याओं और आगजनी की दरिन्दगी भरी मुहिम नहीं है और न ही क्रांति मायूसी से पैदा हुआ दर्शन ही है। वास्तव में भगत सिंह के विचारों को जीवन में ...19... कर क्रियान्वित किए बिना क्रांति संभव नहीं। वैचारिक क्रांति/आंदोलन को धार देने के साथ-साथ उस हेतु समयबद्ध ...20... व दूरदर्शी योजना बनानी होगी तभी हम सफल हो सकते हैं और अपने अधिकारों को पा सकते हैं। दूसरे के कंधों पर बंदूक रखकर चलाने के बजाय हमें स्वयं को प्रशिक्षित करना चाहिए।

(a) आत्मसात (b) लागु (c) प्रयोग

(d) परख (e) इनमें से कोई नहीं

Q20. भगत सिंह ने कहा था- हमारी लड़ाई, हमारी कमजोरियों के ....16.... है। हम ऐसे उज्जवल भविष्य में विश्वास करते हैं जिसमें प्रत्येक व्यक्ति को पूर्ण शांति और स्वतंत्रता का ...17... मिल सके। क्रांति की तलवार विचारों की शान पर तेज होती है और विद्रोह तो सिर्फ मालिकों के परिवर्तन द्वारा कुटिलताओं को ही आगे बढ़ाते हैं। लोगों को परस्पर लड़ने से रोकने के लिए ...18 ... की जरूरत है। क्रांति एक ऐसा करिश्मा है, जिससे प्रकृति भी स्नेह करती है, क्रांति बिना सोची-समझी हत्याओं और आगजनी की दरिन्दगी भरी मुहिम नहीं है और न ही क्रांति मायूसी से पैदा हुआ दर्शन ही है। वास्तव में भगत सिंह के विचारों को जीवन में ...19... कर क्रियान्वित किए बिना क्रांति संभव नहीं। वैचारिक क्रांति/आंदोलन को धार देने के साथ-साथ उस हेतु समयबद्ध ...20... व दूरदर्शी योजना बनानी होगी तभी हम सफल हो सकते हैं और अपने अधिकारों को पा सकते हैं। दूसरे के कंधों पर बंदूक रखकर चलाने के बजाय हमें स्वयं को प्रशिक्षित करना चाहिए।

(a) नीतियाँ (b) कार्यक्रम (c) चरणों

(d) रूपरेखाओं (e) इनमें से कोई नहीं

Directions (21-25): **निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक हिंदी शब्द दिया गया है, उसके लिए एक अंग्रेजी शब्द का चयन कीजिए, जो अर्थ की दृष्टि से हिंदी शब्द का पर्याय है।**

Q21. उन्मूलन

(a) Enactment

(b) Restoration

(c) Abolition

(d) Commencement

(e) इनमें से कोई नहीं

Q22. समायोजन

(a) Adjustment

(b) Agreement

(c) Compromise

(d) Concession

(e) इनमें से कोई नहीं

Q23. प्रतिकूल

(a) Reaction

(b) Adverse

(c) Side-effect

(d) opposite

(e) इनमें से कोई नहीं

Q24. प्रमाणित

(a) Certified

(b) Verified

(c) Tally

(d) Identified

(e) इनमें से कोई नहीं

Q25. समर्थ

(a) Capacity

(b) Competent

(c) Eligible

(d) Active

(e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश (26-30): नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक हिंदी का वाक्य दिया गया है और उसके नीचे (a), (b), (c), (d) द्वारा उस हिंदी वाक्य के चार अंग्रेजी अनुवाद जिनमें से कोई एक ही उसका सटीक और उचित अनुवाद है। आपको उसे पहचानना है और फिर उसके क्रमांक को उत्तर के रूप में दिखलाना है अगर कोई भी रुपांतर सही नहीं है, तो उत्तर (e) अर्थात 'इनमें से कोई नहीं' होगा।

Q26. इस परियोजना की मुख्य रणनीति सेवा प्रदानगी को सुदृढ़ करना तथा मानव संसाधनों को विकसित करना है।

(a)The major strategy of this programme is ensuring service delivery and improving human resources.

(b) the major planning of this project is strengthening service delivery and improving human resources.

(c) the main strategy of this programme is ensuring service delivery and developing human resources.

(d) The main strategy of this project is strengthening service delivery and developing human resources.

(e) इनमें से कोई नहीं

Q27.सरकारी सेवकों को राहत देते हुए राज्य सरकार ने उनका महंगाई भत्ता बढ़ाने का आश्वासन दिया।

(a) Relieving the Government officers, the state Government assured to improve their dearness allowance.

(b) Prouiding the relief to the Government employees, the state government compromised to increase their daily allowance.

(c) Reliecing the Government officials, the state Government accepted to increase their deficit allowance.

(d) Providing the relief to the Government servants, the state government assured them to increase their dearness allowance.

(e) इनमें से कोई नहीं

Q28. मजदूर संगठनों की हड़ताल के कारण कंपनी का व्यापार अचानक मंद पड़ गया।

(a) Due to the strike of labour organizations the business of company slowed down suddenly.

(b) The strike of labour unions caused the business of company slowed suddenly.

(c) Due to the strike of labour the company business stopped suddenly.

(d) The strike of labour organisations has resulted in slowed down business suddenly.

(e) इनमें से कोई नहीं

Q29. योजना के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए आपके सहयोग की आवश्यकता है।

(a) The impressive implamentation of the activity will require your presence.

(b) The plan, for its effective functioning will require your support.

(c) The effective implementation of the plan will require your support.

(d) The impressive functioning of the activity will require your support.

(e) इनमें से कोई नहीं

Q30. मूलभूत सुविधाओं की अनुपलब्धता प्रतिभा पलायन का मुख्य कारण है।

(a) The non-availability of basic facilities is main reason behind brain drain.

(b) The lack of authenticity of basic facilities is one of the main reasons behind Brain drain.

(c) The inability of basic facilities is most important reason for brain drain.

(d) The non-availability of basic facilities has resulted in brain drain many times.

(e) इनमें से कोई नहीं

निर्देश(31-35) निम्नलिखित में से प्रत्येक प्रश्न में एक अंग्रेजी शब्द दिया गया है, उसके लिए एक हिंदी शब्द का चयन कीजिए, जो अर्थ की दृष्टि से अंग्रेजी शब्द का पर्याय है।

Q31. Accumulation

(a) दोषारोपण

(b) संचय

(c) भर्त्सना

(d) संशोधन

(e) इनमें से कोई नहीं

Q32. Enterprise

(a) विनिमय

(b) अन्वेषण

(c) उद्यम

(d) उद्धरण

(e) इनमें से कोई नहीं

Q33. Prejudice

(a) द्रुतगामी

(b) अनुसरण

(c) उद्घोषणा

(d) पूर्वाग्रह

(e) इनमें से कोई नहीं

Q34.Capital Punishment

(a) पूंजी दंड

(b) राजधानी दंड

(c) मृत्युदंड

(d) पूंजी क्षति

(e) इनमें से कोई नहीं

Q35. Suppression

(a) दमन

(b) शिष्टाचार

(c) तर्कसंगत

(d) दायित्व

(e) इनमें से कोई नहीं

Directions (36-40): **नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न में एक अंग्रेजी का वाक्य या वाक्य खण्ड दिया गया है और उसके नीचे (A), (B), (C), (D) द्वारा उस अंग्रेजी वाक्य के चार हिंदी अनुवाद जिनमें से कोई एक ही उसका सटीक और उचित अनुवाद है। आपको उसे पहचानना है और फिर उसके क्रमांक को उत्तर के रूप में दिखलाना है अगर कोई भी रुपांतर सही नहीं है, तो उत्तर (E) अर्थात 'इनमें से कोई नहीं' होगा।**

Q36. To meet your credit requirements, SBI is there with many attractive schemes to choose from.

(a) आप अपनी ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए SBI की आकर्षक योजना का लाभ उठाएँ

(b) आप अपनी ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए SBI की कोई भी योजना का चयन करें

(c) SBI के पास अनेक आकर्षक योजनाएँ हैं जिनमें से आप अपनी ऋण आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए चुन सकते हैं

(d) SBI की अनेक आकर्षक योजनाओं से ऋण उठाकर आप लाभ उठा सकते हैं।

(e) इनमें से कोई नहीं

Q37. It will be necessary that the call letter to the candidates must be sent under postal certificate or by registered post.

(a) यह अनिवार्य होगा कि अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र डाक प्रमाण पत्र तथा रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजे जाएंगे।

(b) यह अनिवार्य है कि विद्यार्थियों को बुलावा पत्र डाक प्रमाण पत्र अथवा रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजे जाएँ।

(c) यह अनिवार्य होगा कि अभ्यर्थियों को आमंत्रण पत्र डाक अथवा रजिस्ट्री द्वारा भेजे जाएंगे।

(d) यह अनिवार्य होगा कि अभ्यर्थियों को बुलावा पत्र डाक प्रमाण पत्र अथवा रजिस्ट्री डाक द्वारा भेजे जायेगें।

(e) इनमें से कोई नहीं

Q38. The persons, who have left their study due to some reasons, get an opportunity to complete their studies with the help of distance educations.

(a) वे व्यक्ति, जो किन्ही कारणों से अपनी शिक्षा छोड़ चुके हैं, वे दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से अपनी शिक्षा पूरी करते हैं।

(b) वे व्यक्ति, जो किन्ही कारणों से अपनी शिक्षा छोड़ चुके हैं, वे दूरस्थ शिक्षा की सहायता से अपनी शिक्षा पूरी करने का अवसर पाते हैं।

(c) दूरस्थ शिक्षा की सहायता से उन लोगों को शिक्षा पूरी करने का मौका मिल जाता है जो किसी कारण से अपनी शिक्षा छोड़ चुके होते हैं। यह शिक्षा की तरफ सरकार का कुछ प्रयास है।

(d) वे व्यक्ति, जो किन्ही कारणों से अपनी शिक्षा छोड़ चुके हैं, वे दूरस्थ शिक्षा से अपनी शिक्षा पूरी करने की सहायता पाते हैं।

(e) इनमें से कोई नहीं

Q39. The sixth meeting of India- Thiland Joint Commission has accomplished in New Delhi.

(a) भारत थाइलैंड संयुक्त कमिश्नर ने छठी मीटिंग नई दिल्ली में आयोजित की।

(b) भारत थाइलैंड संयुक्त आयोग की बैठक नई दिल्ली में छठी बार आयोजित हुई।

(c) भारत थाइलैंउ संयुक्त आयोग की छठी बैठक नई दिल्ली में सम्पन्न हुई।

(d) भारत थाइलैंड संयुक्त कमिश्नर की छठी बैठक नई दिल्ली में संपन्न हुई।

(e) इनमें से कोई नहीं

Q40. The auto renewal period to be modified at the instance of the customer subject to the minimum or maximum period of the scheme.

(a) स्वतः नवीनीकरण अवधि को ग्राहक के अनुरोध पर योजना की न्यूनतम या अधिकतम अवधि को ध्यान में रखते हुए संशोधित किया जा सकता है।

(b) स्वतः नवीनीकरण अवधि को ग्राहक के आदेश पर योजना की न्यूनतम या अधिकतम अवधि को ध्यान में रखते हुए संशेधित किया जा सकता है।

(c) स्वतः नवीनीकरण अवधि को ग्राहक के निर्देश पर योजना की न्यूनतम या अधिकतम अवधि को ध्यान में रखते हुए जारी किया जा सकता है।

(d) स्वतः नवीनीकरण अवधि को ग्राहक के हित के लिए योजना की न्यूनतम या अधिकतम अवधि के रूप में संशोधित किया जाता है।

(e) इनमें से कोई नहीं

Directions (41-45): **नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। गद्यांश के अनुसार, दिए गए विकल्पों में से सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए।**

प्राकृतिक–चिकित्सा–प्रणाली का अर्थ है प्राकृतिक पदार्थों विशेषतः प्रकृति के पाँच मूल तत्वों द्वारा स्वास्थ्य–रक्षा और रोग निवारण का उपाय करना। विचारपूर्वक देखा जाय तो यह कोई गुह्य विषय नहीं है और जब तक मनुष्य स्वाभाविक और सीधा–सादा जीवन व्यतीत करता रहता है तब तक वह बिना अधिक सोचे–विचारे भी प्रकृति की इन शक्तियों का प्रयोग करके लाभान्वित होता रहता है। पर जब मनुष्य स्वाभाविकता को त्याग कर कृत्रिमता की ओर बढ़ता है, अपने रहन–सहन तथा खान–पान को अधिक आकर्षक और दिखावटी बनाने के लिये प्रकृति के सरल मार्ग से हटता जाता है तो उसकी स्वास्थ्य–सम्बन्धी उलझनें बढ़ने लगती हैं और समय–समय पर उसके शरीर में कष्टदायक प्रक्रियाएँ होने लगती हैं, जिनको 'रोग' कहा जाता है।

इन रोगों को दूर करने के लिये अनेक प्रकार की चिकित्सा–प्रणालियाँ आजकल प्रचलित हो गई हैं जिनमें हजारों तरह की औषधियों, विशेषतः तीव्र विषात्मक द्रव्यों का प्रयोग किया जाता है। इन तीव्र दवाओं से जहाँ कुछ रोग अच्छे होते हैं वहाँ उन्हीं की प्रतिक्रिया से कुछ अन्य व्याधियाँ उत्पन्न हो जाती हैं और संसार में रोगों के घटने के बजाय नित्य नवीन रोगों की वृद्धि होती जाती है। इस अवस्था को देख कर पिछले सौ–डेढ़–सौ वर्षों के भीतर योरोप अमरीका के अनेक विचारशील सज्जनों का ध्यान प्राकृतिक तत्वों की उपयोगिता की तरफ गया और उन्होंने मिट्टी, जल, वायु, सूर्य–प्रकाश आदि के विधिवत् प्रयोग द्वारा शारीरिक कष्टों, रोगों को दूर करने की एक प्रणाली का प्रचार किया। वही इस समय प्राकृतिक चिकित्सा या 'नेचर क्योर' के नाम से प्रसिद्ध है।

जब तक मनुष्य प्रकृति की गोद में पलते–खेलते थे, उनका रहन–सहन भी प्राकृतिक नियमों के अनुकूल था तो वे अपनी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति प्राकृतिक ढंग से ही करते थे। पर मध्यकाल में जब बड़े–बड़े राज्यों और साम्राज्यों की स्थापना हो गई तो बड़े आदमियों के रहन–सहन में भोग विलास की अधिकता होने लगी और उसकी पूर्ति के लिये भाँति–भाँति के कृत्रिम उपायों का प्रयोग भी बढ़ने लगा। साधारण लोग भी उनकी नकल करके नकली चीजों को अधिक सुन्दर और आकर्षक समझने लगे, जिसके फल से लोगों का स्वास्थ्य निर्बल पड़ने लगा, तभी तरह–तरह के रोगों की वृद्धि होने लगी। जब काल क्रम से यह अवस्था बहुत बिगड़ गई और संसार की जनसंख्या तरह–तरह के भयानक तथा गन्दे रोगों के पंजे में फँस गई तो विचारशील लोगों का ध्यान इसके मूल कारण की तरफ गया और उन्होंने कृत्रिम आहार–बिहार की हानियों को समझ कर "प्रकृति की ओर लौटो" (बैक टू नेचर) का नारा लगाया।

Q41. प्राकृतिक–चिकित्सा–प्रणाली किससे संबंधित है?

(a) प्राकृतिक पदार्थों विशेषतः प्रकृति के पाँच मूल तत्वों से

(b) पांच मूल प्राकृतिक तत्वों द्वारा स्वास्थ्य–रक्षा और रोग निवारण

(c) 'नेचर क्योर' से

(d) a और b दोनों

(e) इनमें से सभी

Q42. स्वास्थ्य–सम्बन्धी समस्याओं से जूझने का मुख्य कारण क्या है?

(a) सीधा–सादा जीवन व्यतीत न करना

(b) प्रकृति की शक्तियों का दुरुपयोग

(c) स्वाभाविकता को त्याग कर कृत्रिमता की ओर बढ़ना

(d) a और c दोनों

(e) इनमें से सभी

Q43. तीव्र विषात्मक द्रव्यों का शरीर पर कैसा प्रभाव होता है?

(a) रोगों का निवारण होता है

(b) प्रतिक्रिया से कुछ अन्य व्याधियाँ उत्पन्न हो जाती हैं

(c) अधिक सकारात्मक प्रभाव

(d) अधिक नकारात्मक प्रभाव

(e) इनमें से सभी

Q44. मनुष्य ने प्राकृतिक चिकित्सा से कृत्रिम चिकित्सा की ओर पलायन कब किया?

(a) भोग विलास की अधिकता होने पर

(b) बड़े–बड़े राज्यों और साम्राज्यों की स्थापना के बाद

(c) आवश्यकताओं की वृद्धि होने पर

(d) a और b दोनों

(e) इनमें से कोई नहीं

Q45. रोगों की वृद्धि होने का मूल कारण क्या है?

(a) तीव्र विषात्मक द्रव्यों का प्रयोग

(b) प्रकृति के सरल मार्ग से विक्षोभ

(c) नकल और कृत्रिमता के प्रति आकर्षण

(d) a और b दोनों

(e) इनमें से सभी